● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित ● E-mail- bordernewsmirror@gmail.com ● Website- bordernewsmirror.com

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

पटना
सोमवार, 27 जून 2022
वर्ष: 03, अंक: 397,
पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए

दैनिक
# बॉर्डर न्यूज़ मिरर
द्विभाषिक समाचार पत्र ...खबरों से समझौता नहीं



27 जून को 243 विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह करेगी कांग्रेस 02
अंडरवर्ल्ड के दबाव में नहीं मिलता था फिल्मों में काम: सोनाली 04

## झारखंड: विधानसभा की मांडर सीट पर कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की विजयी

**उपचुनाव में भाजपा की उम्मीदवार गंगोत्री कुजूर को 23517 मतों से हराया**

रांची, संवाददाता

झारखंड विधानसभा की मांडर सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस समर्थित गठबंधन की उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की विजयी हुईं। उन्होंने भाजपा की उम्मीदवार गंगोत्री कुजूर को 23517 मतों से हराया है। मतगणना में कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की को 95062 वोट मिले जबकि भाजपा की गंगोत्री कुजूर को 71545 मत हासिल हुए।

इस चुनाव में किस्मत आजमा रहे सुभाष मुंडा को 13923, दिनेश उरांव को 1517, रेखा कुमारी को 1096, शिवचरण लोहरा को 624, अग्नि तिर्की को 1146, अशोक उरांव को 603, आनंद पॉल तिर्की को 508, जॉन तिर्की को 593, देव कुमार धान को 22395, नीरज उरांव को 1185, मार्शल बारला को 1310, सुशील उरांव को 2630 वोट मिले। नोटा को 2633 वोट मिला।

उल्लेखनीय है कि मांडर उपचुनाव के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। मतगणना 21 राउंड तक चली। हर एक राउंड में शिल्पी नेहा तिर्की बढ़त बनाई हुई थी। मांडर उप चुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में थे।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर से टकराया पक्षी




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर की रविवार को यहां पुलिस लाइन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उड़ान भरते ही हेलीकॉप्टर से एक पक्षी के टकरा जाने से यह नौबत आई। मुख्यमंत्री के सुरक्षित उतरते ही प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी शर्मा के मुताबिक इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन से वापस सर्किट हाउस लौट गए हेलीकॉप्टर में बर्ड हिट हो गया था। इसलिए सावधानी पूर्वक उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

**हेलीकॉप्टर लगभग 550 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा कि अचानक एक पक्षी टकरा गया। पायलट ने सुरक्षा कारणों से सावधानीपूर्वक हेलीकॉप्टर को पुलिस लाइन मैदान में लैंड किया। यह देखकर पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अफसर और सुरक्षा दस्ता हेलीकॉप्टर के पास पहुंच गए।**

विशेष समाचार

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर एम्स में निकाली गई साइकिल रैली

**नई दिल्ली।** हर वर्ष 26 जून को "अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस" मनाया जाता है। नशीली वस्तुओं और पदार्थों के निवारण के लिए 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' ने सात दिसंबर 1987 को यह प्रस्ताव पारित किया था। तभी से हर साल लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इसे मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर दिल्ली के एम्स में लोगों को और युवाओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जिसको दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना और एम्स के डायरेक्टर डॉ. ने साइक्लोथॉन रैली का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर अस्थाना ने कहा है कि आज नशा एक ऐसी बीमारी है, जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन करके युवा वर्ग नशे का शिकार हो रहा है। फुटपाथ और रेलवे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं।

एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि लोग सोचते हैं कि वो बच्चे कैसे नशा कर सकते हैं।

जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता है, लेकिन नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरूरत नहीं होती है बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और बाम का सेवन करना भी नशे जैसा ही है जो बेहद खतरनाक है।

### 'मन की बात': प्रधानमंत्री ने आपातकाल को किया याद, बोले-

# इतिहास का काला अध्याय था आपातकाल

नई दिल्ली, संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आपातकाल को याद किया। उन्होंने इसे भारत के इतिहास का 'काला अध्याय' बताया और कहा कि यह हमारी लोकतांत्रिक मानसिकता थी जिसकी आखिरकार प्रबल जीत हुई।

मन की बात की 90वीं कड़ी की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की पीढ़ी के नौजवानों को जानकार आश्चर्य होगा कि उनके माता-पिता का अपनी युवा अवस्था में जीवन का अधिकार छीन लिया गया था। 1975 में 25 जून को देश में आपातकाल लागू किया गया था। इसमें देश के नागरिकों से सारे



अधिकार छीन लिए गए थे। उसमें से एक अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिला 'जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार' भी था।

उन्होंने कहा कि उस समय भारत के लोकतंत्र को कुचल देने का प्रयास किया गया था। देश की अदालतें, हर संवैधानिक संस्था, प्रेस, सब पर नियंत्रण लगा दिया गया था। सेंसरशिप की ये हालत थी कि बिना स्वीकृति कुछ भी छापा नहीं जा सकता था।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने मशहूर गायक किशोर कुमार पर उस दौरान लगे प्रतिबंध का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार की वाह-वाही करने से इनकार करने पर किशोर कुमार पर बैन लगा दिया गया। रेडियो पर उनके प्रवेश को ही हटा दिया गया।

उन्होंने कहा, "बहुत कोशिशों, हजारों गिरफ्तारियों और लाखों लोगों पर अत्याचार के बाद भी, भारत के लोगों का, लोकतंत्र से विश्वास डिगा नहीं, रत्ती भर नहीं डिगा। भारत के हम लोगों में, सदियों से, जो लोकतंत्र के संस्कार चले। आ रहे हैं, जो लोकतांत्रिक भावना हमारी रग-रग में है आखिरकार जीत उसी की हुई।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोगों ने लोकतांत्रिक तरीके से ही आपातकाल को हटाकर वापस, लोकतंत्र की स्थापना की। तानाशाही की मानसिकता को लोकतांत्रिक तरीके से पराजित करने का ऐसा उदाहरण पूरी दुनिया में मिलना मुश्किल है।

अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए मोदी ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के एक सैनिक के रूप में देशवासियों के संघर्ष का गवाह रहने का साझेदार रहने का सौभाग्य उन्हें भी मिला था।

**चेतावनी** महा विकास आघाड़ी सरकार के सहयोगी दल दें साथ

# मिलकर लड़ेंगे कानूनी लड़ाई: शरद पवार

मुंबई, संवाददाता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के सियासी गतिरोध को हटाने के लिए महा विकास आघाडी सरकार के सहयोगी दल साथ मिलकर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। इस लड़ाई के लिए नामचीन वकीलों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई महा विकास आघाड़ी जीतेगी और सरकार कार्यकाल भी पूरा करेगी।

महा विकास आघाड़ी सरकार के सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक रविवार सुबह शरद पवार के आवास पर आयोजित की गई थी। इस बैठक में शिवसेना के अनिल देसाई, कांग्रेस के बालासाहेब थोरात, अशोक चव्हाण



उपस्थित रहे। दो घंटे तक चली बैठक में बागी विधायकों की वजह से उत्पन्न हर पहलू पर विस्तृत चर्चा की गई। पवार ने कहा कि यह सियासी संकट महा विकास आघाड़ी पर आया है। इसलिए सभी सहयोगी दल मिलकर इस संकट का सामना करेंगे।

**सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक रविवार सुबह शरद पवार के आवास पर आयोजित हुई उन्होंने कहा कि, यह लड़ाई महा विकास आघाड़ी जीतेगी और सरकार कार्यकाल भी पूरा करेगी।**


उल्लेखनीय है कि विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि झिजवल ने बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे को शिवसेना के प्रस्ताव के बाद शिवसेना विधायक दल के नेता पद से हटाकर अजय चौधरी को नेता नियुक्त किया है। साथ ही 16 बागी विधायकों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। बागी विधायकों की ओर से दीपक केसरकर ने कहा है कि विधानसभा उपाध्यक्ष के निर्णय को कोर्ट में चुनौती देंगे।

## बागी विधायक भगोड़ा, गद्दार, बेईमान, इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें: संजय राऊत

**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता तथा राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने रविवार को पहली बार बागी विधायकों के लिए कठोर भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने बगावत करने वाले विधायकों को भगोड़ा, बेईमान और गद्दार ठहराते हुए इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने की चुनौती दी। उल्लेखनीय है कि बागी विधायक इन दिनों एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में गुवाहाटी के होटल रेडिशन में रुके हुए है। संजय राऊत ने संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की बगावत का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी शिवसेना से बगावत करने के बाद इस्तीफा दिया था। राऊत ने कहा कि असम में बाढ़ में लाशें तैर रही हैं और यह सभी होटल में मौजमस्ती कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

## 120 लीटर शराब के साथ चार को किया गिरफ्तार



**किशनगंज।** उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार की रात व रविवार सुबह विशेष छापेमारी अभियान चलाकर 120 लीटर देशी व विदेशी शराब के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया ।कार्रवाई जिले के किशनगंज व कोचाधामन थाना क्षेत्र में की गई। कार्रवाई का नेतृत्व उत्पाद विभाग के थानाध्यक्ष विष्णु देव यादव कर रहे थे। टीम ने रामपुर चेक पोस्ट, अलता हाट, चोपड़ा बखारी सहित अन्य स्थानों में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमे 93.925 लीटर अवैध विदेशी शराब, अवैध चुलाई शराब, जावा गुड़ ज़ब्त किया।

# 27 जून को 243 विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह करेगी कांग्रेस

**पटना, संवाददाता**

केन्द्र सरकार के सेना भर्ती योजना अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस 27 जून को बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह करेंगी। यह ऐलान रविवार को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए किया है। कन्हैया ने 'अग्निपथ की बात, युवाओं के साथ विश्वासघात' शीर्षक से योजना की कमियां गिनाई।

उन्होंने कहा कि अग्निपथ के नाम पर भाजपा देश की सुरक्षा और नौजवानों के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है। अग्निपथ से देश को बड़ा नुकसान होगा, इसलिए कांग्रेस केंद्र सरकार से इस योजना को वापस लेने की मांग करती है ।कन्हैया ने कहा कि कांग्रेस अपने इस मांग के साथ 27 जून को बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह करने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम केवल अग्निपथ के



खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और हम सभी विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह करेंगे। अग्निपथ योजना से मोदी सरकार का परोक्ष मकसद देश के रक्षा बजट में कटौती करना है ।सेना सिर्फ रोजगार का मसला नहीं है बल्कि देश की सुरक्षा का मसला है।

ऐसे में रक्षा के साथ खिलवाड़ करने को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी ।उन्होंने कहा कि केंद्र ने सोची समझी चाल के तहत अग्निपथ को सिर्फ 4 साल के लिए तय किया, क्योंकि 5 साल होने पर श्रम कानूनों के तहत ग्रेच्युटी देने का प्रावधान होता। यह सरकार देश की सुरक्षा में ठेकेदारी लाना चाहती है। कांग्रेस पार्टी देश के नौजवानों की भावनाओं के साथ खड़ी है और सेना में ठेकाकरण की शुरुआत ठीक नही है। उन्होंने कहा कि सेना में कार्यरत लोग खुद इस योजना को बेहतर नहीं मान रहे हैं. इस योजना के आने से सेना में स्थाई भर्ती समाप्त कर दी गई है। कांग्रेस देश की सुरक्षा और नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का विरोध करेगी।

## बीएड कोर्स की प्रवेश परीक्षा छह जुलाई को

B.Ed
Bachelor of Education

**पटना।** बिहार कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट यानी बीएड कोर्स की प्रवेश परीक्षा छह जुलाई को होगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चलेगी। इसके लिए 11 शहरों में कुल 325 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि बिहार बीएड 2022 की परीक्षा पहले 23 जून को ही निर्धारित थी लेकिन अग्निपथ योजना के विरोध कर रहे छात्रों के कारण कई जिलों में इंटरनेट सेवा बंद थी। इस कारण कई उम्मीदवार एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं सके। इसलिए एग्जाम स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, उम्मीदवारों को 23 जून वाला एडमिट कार्ड ही लेकर परीक्षा केंद्र पर जाना होगा लेकिन जिन उम्मीदवारों ने अब तक अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किया है। वह सीईटी-बीएड की आधिकारिक वेबसाइट biharcetbed-lnmu.in पर जाकर अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते है।

# सड़क लूट मामले का पुलिस ने 24 घण्टे से कम समय में किया उद्भेदन



**गया, संवाददता**

एसएसपी हरप्रीत कौर के दिशा निर्देश पर गया पुलिस को मिली सफलतागया। खिजरसराय थाना क्षेत्र के अइमा के पास शुक्रवार की रात्रि हुए सड़क लूट के मामले में खिजरसराय पुलिस ने 24 घण्टे से भी कम समय में लूट की घटना का उद्भेदन करते हुए लुटे गए पिकअप वाहन के साथ लूट की घटना में प्रयोग किये गए टाटा टियागो कार समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी हरप्रीत कौर ने आरक्षी उपाधीक्षक नीमचक बथानी विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं जांच टीम के द्वारा इस्लामपुर थाना क्षेत्र के पैठना गांव से वाहन बरामद की । साथ ही उक्त गांव से दीपक राज नामक युवक को पकड़ा गया। दीपक ने इस घटना में शामिल चार अन्य लोगों का भी नाम पूछताछ के क्रम में पुलिस को बताया है।

यूँ तो घटना के समय जिस कार से लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया था उसका नम्बर पीड़ति ने पुलिस को बताया था। एसएसपी हरप्रीत कौर ने स्थानीय पुलिस उक्त गाड़ी को पकड़ने के लिए कई टिप्स दी। गया सहित नालंदा और जहानाबाद पुलिस के कई थानो को वाहन लूट की सूचना देते हुए सहयोग मांगा गया।

थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि लूटी गई गाड़ी नालंदा जिले के हिलसा और दनियावां होते हुए फरार होने की खबर मिली थी। फिर लुटेरे उक्त कार के साथ जहानाबाद के मखदुमपुर पहुंच कर पुलिस को काफी परेशान किया। लुटेरे मखदुमपुर पुलिस को भी चकमा देकर भागने में सफल हो गए ।एसएसपी हरप्रीत कौर ने इसके बाद स्थानीय पुलिस से कहा कि यह पता लगाए कि मुर्गी कही आसपास के मुर्गी मंडी में किसी ने बेचा है ?लूट में इस्तेमाल की गई वाहन कहां अधिकतर देखा गया है? स्थानीय पुलिस ने एसएसपी हरप्रीत कौर के निर्देश पर जब जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि लूट में इस्तेमाल किया गया वाहन अक्सर इस्लामपुर इलाके में देखा गया है।

फिर पुलिस गाड़ी से अपना फोकस छोड़ मुर्गा की ओर की तो पाया कि इस्लामपुर के पैठना गांव में आने-पौने दाम पर शनिवार को मुर्गा बेचा गया है ।इसके बाद थाना अध्यक्ष सादे लिवास में उक्त गांव में पहुंचे तो धीरे-धीरे सारी बातें सामने आने लगी और जिनका नाम सामने आया उनमे कुछ जेल भी जा चुके थे। दीपक राज के घर से पुलिस ने 11 जून को आइमा के पास से ही लूटी गई पल्सर बाइक, कागजात के अलावे लुटे गए पर्स में रखे अन्य कागजात भी उसके बेड के नीचे से बरामद किया।

दीपक राज को पुलिस ने गिरफ्तार किया फिर उसके निशानदेही पर उक्त गांव से ही पिकअप वाहन मिला। जबकि पीर बिगहा ओपी क्षेत्र के जोगीपुर से लूट की घटना के लिए प्रयोग किया गया टियागो वाहन संख्या BR 01FL/3015 को पुलिस ने जब्त किया ।एसएसपी हरप्रीत कौर के अनुसार डीएसपी विनय कुमार शर्मा, एसएचओ आलोक कुमार सहित कई पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार की रात से काफी मेहनत की।

# बिहार में बढ़ रहे कोरोना संक्रमितों की संख्या पटना में 70 सहित राज्य में 155 नये मामले

**पिछले 24 घंटे में 1 लाख 29 हजार 174 सैंपल की जांच की गई और संक्रमण दर 0.12 फीसदी रही**

**पटना, संवाददाता**



बिहार में कोरोना का मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। पिछले 24 घंटे में कोरोना जांच अभियान के तहत शनिवार को पटना में 70 सहित राज्य में 155 नये कोरोना संक्रमित मरीजो की पहचान की गयी हैं।

राज्य में पिछले 24 घंटे में 1 लाख 29 हजार 174 सैंपल की जांच की गई और संक्रमण दर 0.12 फीसदी रही। पटना में शनिवार को कुल 69 नये और पुराना संक्रमित मिले। इसमें 61 पटना के जबकि आठ अन्य जिलों के हैं। शनिवार को पटना के फुलवारीशरीफ, दानापुर, राजा बाजार से तीन-तीन संक्रमित एक ही परिवार के मिले। जबकि अन्य संक्रमितों में मेहंदीगंज, पाटलिपुत्र कॉलोनी, घोसवारी, आईजीआईएमएस, रामनगर, भागवतनगर, पाटलिपुत्र स्टेशन आदि जगहों के निवासी हैं।

बिहार के भागलपुर में नये संक्रमितों की संख्या 17 है। गया एवं मुजफ्फरपुर में 12-12 नये संक्रमित मिले। बिहार के अन्य जिलों में पांच से कम नये संक्रमित मिले। अररिया, भोजपुर, नालंदा, सारण, प. चंपारण में 1-1, बेगूसराय, मधुबनी, मुंगेर, पूर्णियां, सीतामढ़ी में 2-2, लखीसराय, सहरसा, सीवान, वैशाली में 3-3, बांका, जहानाबाद, खगड़िया, रोहतास व दूसरे राज्य से बिहार आए 4-4 व समस्तीपुर में 5 कोरोना संक्रमित पाये गए। वर्तमान में राज्य में कोरोना के 638 सक्रिय मरीज इलाजरत हैं।

सबसे अधिक 387 सक्रिय मरीज पटना में हैं, जबकि भागलपुर में 39 व गया में 37, मुजफ्फरपुर में 28 सक्रिय मरीज इलाजरत हैं। सिविलसर्जन डॉ. विभा सिंह के अनुसार पटना के अलग-अलग अस्पतालों में कुल नौ संक्रमित भर्ती हैं। इनमें दो पटना के हैं। पीएमसीएच में पांच मरीज कोरोना संक्रमित पाये गए हैं। इनमें एक भर्ती हैं। वहीं भागलपुर में 39 व गया में 37, मुजफ्फरपुर में 28 सक्रिय मरीज इलाजरत हैं।

## चोरी के नाम पर युवक को बांधकर बेरहमी से पीटा

**पटना।** बिहार में चोरी के शक में एक व्यक्ति को बांधने के बाद बेरहमी से नंगा कर पीटने का मामला सामने आया है। संदेह के आधार पर कुछ लोगों ने पहले तो एक कपड़े की मदद से उसके हाथ-पैर बांधा फिर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान युवक छोड़ने की गुजारिश करता रहा, लेकिन मारने वालों को उसपर थोड़ा भी तरस नहीं आया। पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। अब पिटाई के बाद से पीड़ित शख्स गायब हो गया है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस मदद मांगी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला रामनगर के सिगड़ी मुडिला गांव का है। जहां कुछ दबंगों ने साइकिल चोरी का आरोप लगाकर युवक के साथ जमकर मारपीट की। पत्नि मारपीट कर पति को गायब करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# दो एके– 47 और एक इंसास राइफल के साथ नक्सली गिरफ्तार

**सीआरपीएफ कोबरा और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर एक नक्सली को गिरफ्तार किया।**

**पुलिस ने दो एके–47 और एक इंसास राइफल के अलावा मैगजीन भी बरामद किए।**

**पटना, संवाददाता**

गया जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र इमामगंज के दुखदपुर गांव के पास से सीआरपीएफ कोबरा और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने दो एके-47 और एक इंसास राइफल बरामद किया है। इसके अलावा मैगजीन भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल दुखदपुर गांव में सीआरपीएफ की छापेमारी जारी है।

घटना की आधिकारिक अभी तक नहीं की गयी है ।आपको बता दें कि दो दिन पहले औरंगाबाद के जंगल से सीआरपीएफ ने हथियार का जखीरा बरामद किया था ।इमामगंज का दुखदपुर गांव नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। सीआरपीएफ, सूचना के आधार पर सर्च अभियान में थी। इसी दौरान दुखदपुर में दो अलग-अलग बोरे में हथियार होने का उसे शक हुआ। इस पर जब उन प्लास्टिक के बोरों की जांच की गई तो पता चला कि उसमें दो एके- 47 है । इसके बाद पुलिस ने दूसरे बोरे को खोला कर तो उसमें से एक इंसास राइफल निकली। हथियार के मिलते ही सीआरपीएफ और जिला पुलिस और भी सजग हो गई ।पुलिस ने घटनास्थल से अशोक कुमार भोक्ता को गिरफ्तार किया है लेकिन सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने पकड़े गए नक्सली के नाम का खुलासा अभी तक नहीं किया है।

संक्षिप्त समाचार

## मारपीट व लूट मामले का आरोपी गिरफ्तार, जेल



तुरकौलिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलरांव गांव के राजू कुमार को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उस पर मारपीट करने व सीएसपी केंद्र से 2 लाख रुपए लूटने का मामला थाना में दर्ज था। घटना को लेकर जगत राय ने 4 जून को आवेदन देकर 19 लोगों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस मामले ने पुलिस ने गिरफ्तार कर राजू को जेल भेजा है। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में 19 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज है। जहां इस मामले में पहले ही पारस राय, नारद राय व उमेश कुमार को पकड़ कर पुलिस जेल भेज चुकी है। उक्त मामले में रविवार को पकड़ कर राजू को जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# युवाओं से अपील: नशामुक्त एवं अपराध मुक्त समाज के निर्माण में आगे आयें युवा: एसपी






**मोतिहारी, संवाददाता**

युवाओं को नशा विमुक्ति और शराबबंदी के प्रभावी क्रियान्वयन में एक सक्रिय भूमिका निभाने एवं उनको इस मुहिम के लिए जागरूक करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा एक विशेष कार्यक्रम "काफी वीथ एसपी" कार्यक्रम का आयोजन शहर के राजा बाजार स्थित न्यू ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाधिकारी ने मोतिहारी पुलिस की इस नयी पहल को नशा विमुक्ति एवं शराबबंदी अभियान के लिए एक गेमचेंजर एवं तीव्र उत्प्रेरक बताया।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए एसएसबी कमांडेंट डीआर सिंह ने नशा विमुक्ति एवं शराबबंदी के संबंध में युवाओं को एसएसबी की पहल के बारें में बताते हुए युवाओं के लिए कैरियर के मौकों के बारें में बताया। कार्यक्रम में शामिल सदर एसडीओ सौरभ सुमन यादव एवं रक्सौल एसडीपीओ चंद्र प्रकाश ने यूपीएससी एग्जाम की तैयारियों की बारीकियों को युवाओं को बताया।साथ ही युवाओं को नशाबंदी एवं शराबबंदी को साकार करने में एक अच्छे नागरिक की भूमिका निभाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक डॉ॰ कुमार आशीष ने सभी युवाओं को मोटिवेट करते हुए समाज के अच्छे नागरिक के रूप में ऊर्जा और उत्साह के साथ नशाबंदी एवं शराबबंदी को लागू करने में सहयोग की अपील की।

## चोरी की बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

सिकरहना। ढाका थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। वहीं दो बाइक भी जब्त की। गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी में पुलिस को यह सफलता मिली। मिली जानकारी के अनुसार, ढाका थानाध्यक्ष अभय कुमार को अज्ञात गुप्तचर के द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए अवैध बाइक के साथ दो अनजान व्यक्ति रैकिंग कर रहा। जिस पर थानाध्यक्ष अभय कुमार दलबल के साथ दोनों बाइक की खोजबीन करने लगे, जिसको नगर परिषद क्षेत्र में ही दोनों बाइक सवार को रोककर जब पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला और न ही कागजात ही। ओमप्रकाश दुवे पिता- विघ्यानन्द दुवे, एवं शमीम अख्तर पिता- नेक मोहमद दोनो सा- शिशवा थाना-गौर जिला रौतहट नेपाल को हिरासत में लेकर अग्रिम करवाई के लिए न्यायिक हिरासत मोतिहारी जेल भेज दिया गया हैं।

## शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होने व आजीवन शराब का सेवन न करने की ली शपथ

**मोतिहारी, संवाददाता**

सुबह प्रभात फेरी निकली। इसमें स्कूली बच्चें एवं एनसीसी कैडेटों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी। इससे पहले पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने नगर थाना से प्रभात फेरी की शुरूआत की। इसके बाद प्रभात फेरी में शामिल प्रतिभागियों को नशा विमुक्ति एवं शराबबंदी के सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के बारें में बताया गया।

इस कड़ी में नशा विमुक्ति जागरूकता दौड़ का भी आयोजन हुआ। इस दौड़ के माध्यम से आम लोगों को नशा और शराब के सामाजिक दुष्प्रभावों से जागरूक किया गया। जागरूकता दौड़ में सबसे उम्दा प्रदर्शन करने वाले चयनित 3 प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पुलिस केंद्र मोतिहारी में नशा विमुक्ति और शराबबंदी पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक 14 वर्ष से कम उम्र के छात्र-



छात्राओं ने हिस्सा लिया। नशा विमुक्ति और शराबबंदी थीम पर केंद्रित सबसे उम्दा ड्राइंग के लिए चायनीज 03 प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र से पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नशा विमुक्ति दिवस पर मोतिहारी पुलिस के सभी थाना, सभी अंचल निरीक्षक, सभी एसडीपीओ कार्यालय, पुलिस केंद्र एवं पुलिस कार्यालय में वृक्षारोपण द्वारा मोतिहारी पुलिस की पर्यावरण मित्रवत पुलिसिंग के माध्यम से नशाबंदी और शराबबंदी की संकल्पना को और मजबूत किया।

# उपेक्षा का दंश झेल रहा मोतिहारी के एतिहासिक 'घोड़दौड़' पोखर को मसीहा की तलाश: शशिरंजन

**मोतिहारी, संवाददाता**

अब अतिक्रमणकारियों की नजर उस जमीन पर जा टिकी है, जहां सरकारी मुलाजिमों ने आना-जाना छोड़ दिया है। हम बात कर रहें प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किमी उत्तर दिशा पदुमकेर पंचायत स्थित एतिहासिक घोड़दौड़ पोखर की। प्रशासनिक बेरूखी से भूमाफिया व अतिक्रमकारी पिछले लंबे अर्से से इसकी जमीन पर कब्जा कर रहें।

इससे यह प्राचीन पोखर सिकुड़ती जा रही। प्रशासन इस दिशा में ध्यान दे तो, तस्वीर बदल जाएगी। बताते चले कि सिंचाई से जोड़ने एवं मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त बनाने को लेकर पदुमकेर गांव के पूर्व मुखिया स्व. गिरीश नंदन पांडेय ने 1974 में इस तालाब के तटबंधो की मरम्मती कराई थी। वहीं स्लूस गेट का निर्माण भी कराया। इस कड़ी में सिंचाई के लिए पाइप लाइन खेतों तक बिछाया गया था। लेकिन,



देखरेख के अभाव में समय के साथ पूरी व्यवस्था ध्वस्त होती चली गई। हालांकि, बाद में पूर्व मुखिया के पुत्र प्रो. रामनिरंजन पांडेय के नेतृत्व में 1995 में भूत पूर्व सैनिक श्याम निरंजन पांडेय ने विधायक व सांसद को पत्र लिखकर इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने की मांग की थी।

तत्कालीन विधायक अवनीश कुमार सिंह ने विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान घोड़दौड़ पोखर के लिए आवाज उठाया। बावजूद न तो सरकार ने इस दिशा में पहल की और न ही जिला प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाया गया। जानकार बताते हैं कि इस ऐतिहासिक घोड़दौड़ पोखर की शिव सिंह के शासन काल 1415 में खुदाई करायी गई थी, जब भारत का हिस्सा सिमरग गढ़, जो आज नेपाल में है। उस समय के राजा ओइनवार वंश के थे शिव सिंह। जिस समय पोखर खुदाई का कार्य किया गया, उस समय राजा शिव सिंह बीमार चल रहे थे। उन्हें चिकित्सा की बेहद जरूरत थी। इस रास्ते से गुजरने के क्रम में उन्हें यहां के जंगलों में उगे जड़ी बूटी से उनका इलाज चिकित्सकों द्वारा किया गया और वे स्वस्थ हो गए। राजा ने तत्पश्चात वहां पर एक विशाल यज्ञ कराया।

**शुरुआत** | भाजपा के पूर्व सांसद ने दाखिल की याचिका

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर हुआ सम्मान समारोह

**चकिया, संवाददाता**

थाना क्षेत्र अंतर्गत मनि छापरा पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मैट्रिक की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बिंदु कुमारी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंचायत में पहली बार जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत के पलटूबेलवा गांव में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम स्थान पर रही बिंदु कुमारी को सम्मानित किया गया। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने छात्रा को सम्मान पत्र व पुरस्कार प्रदान किए गए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सरपंच भारत भूषण



सिंह, पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य अमरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनप्रतिनिधियों की इस पहल की सराहना की गई।

गौरतलब हो कि बिंदु कुमारी अपने गांव में ही पढ़ाई कर मैट्रिक की परीक्षा में पूरे पंचायत में सबसे अधिक 500 में 425 अंक प्राप्त की है। वह अव्वल अंक हासिल कर समाज के अन्य छात्रों के लिए मिशाल पेश कर रही। वक्ताओं ने अपने सबांधन में कहा कि बेटियां वर्तमान समय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। बेटी पढ़ेगी, तो वह अपने कुल का नाम रोशन करेगी।

सरकार द्वारा भी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही। साथ ही समग्र स्वच्छता अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है, कि उनका गांव, कस्बा पूरी तरह से साफ और स्वच्छ रहे। साथ ही घर-घर में शौचालय का निर्माण किया जाए।

## लायंस क्लब ने आर्थिक रूप से कमजोर महिला को भेंट की सिलाई मशीन

**चकिया, संवाददाता**

लायंस क्लब ऑफ चकिया की ओर से मिशन गरिमा अंतर्गत सुई धागा परियोजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मनीछपरा गांव निवासी कविता देवी को सिलाई भेंट मिला। गौरतलब हो कि इस अभियान के लिए क्लब सदस्यों द्वारा मनीछपरा पंचायत का चयन किया गया था, इसमें पिछले सप्ताहभर से सर्वेक्षण किया जा रहा था। सर्वेक्षण में ग्रामीण कविता देवी का नाम सामने आया, जो कुछ माह पहले माइक्रो फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेकर सिलाई मशीन खरीदी और अपनी जीविका शुरुआत की थी1 कुछ माह बीते और बैंक का कर्ज नहीं चुकाने की वजह से बैंक



कर्मी मशीन उठाकर ले गए। महिला का पति दीपक राय लेबर का कार्य करता है और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। कविता देवी को सिलाई मशीन देने से पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष सत्यम वत्स ने कहा की ऐसी महत्वकांक्षी एवं क्रांतिकारी कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष चलाया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## अंडरवर्ल्ड के दबाव में नहीं मिलता था फिल्मों में काम



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री रही हैं। कुछ साल पहले उन्हें कैंसर होने का पता चला था जिसकी वजह से वह फिल्मों से दूर हो गई थीं। कैंसर को मात देने के बाद एक बार फिर से एक्ट्रेस काम पर लौट आई हैं। उनकी वेब सीरीज 'द ब्रोकेन न्यूज' हाल ही में जी5 पर रिलीज हो गई है। इस सीरीज में सोनाली के काम की तारीफ की जा रही है। अब हाल ही में सोनाली बेंद्रे ने अंडरवर्ल्ड के बॉलीवुड से कनेक्शन को लेकर खुलकर बात की हैं। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में उन्हें कई फिल्में छोड़नी पड़ी थी क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री अंडरवर्ल्ड के प्रभाव में थी। उस समय कई फिल्मों में गैर-कानूनी तरीके से पैसा लगााया जाता था।

# 29 जून को बिहार विस का घेराव करेंगे छात्र व युवा



बेतिया, संवाददाता

आइसा,आरवाइए और यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई,राजद, सीपीआइ व सीपीएम के छात्र–युवा संगठनों के संयुक्त बैनर तले 29 जून को बिहार विधानसभा का घेराव करेगा।जिसकी तैयारी को लेकर आइसा इनौस,यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारियों की आज महाराजा पुस्तकालय बेतिया में एक बैठक हुई।

बैठक में इनौस जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि बेरोजगारी की मार से तिलमिला रहे नौजवान एक ओर जहां 'अग्निपथ' के विरोध में मोदी शासन व भाजपा के खिलाफ अपने गुस्से का बहादुराना प्रदर्शन कर रहे हैं, वही मोदी - नीतीश सरकार का जबरदस्त दमन भी झेल रहे हैं तो दूसरी ओर निरंकुश मोदी सरकार इस योजना को जमीन पर उतार देने पर आमादा है। इसलिए तमाम छात्र युवा संगठनों ने तय कर लिया है कि 29 जून को बिहार विधानसभा का घेराव कर अग्निपथ योजना की वापसी का प्रस्ताव विधानसभा से पारित करने, सभी आंदोलनकारियों की बिना शर्त रिहाई व पुलिस दमन पर अविलंब रोक लगाने की मांग करेगा।

बैठक को एनएसयूआई से तौकीर अजीज,यूथ कांग्रेस से महमद एजाज़ इनौस से अफाक अहमद, धर्मेन्द्र कुमार इनौस रष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी आदि नेताओं ने बैठक को सम्बोधित किया, और संकल्प लिया कि 29 जून को अधिक से अधिक छात्र युवाओं को जागरूक कर कार्यक्रम में भागीदारी करायेगा।




## सदर एसडीओ ने जेसीबी से कराई सफाई

**मोतिहारी।** नगर निगम के सफाई कर्मियों के पिछले एक पखवारे से हड़ताल पर जाने के बाद शहर की नारकीय स्थिति हो गई थी, सभी चौक चौराहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था, इसी बीच हो रहे रिमझिम बारिश से सड़क पर जमा कचरा से बदबू आने लगा, जिससे लोगों को संक्रमण का खतरा मंडराने लगा था, जिसको लेकर शहर वासी में आक्रोश पनप रहा था, इसे देख जिला प्रशासन के पहल पर शनिवार की शाम सफाई कर्मियों ने अपना हड़ताल वापस लिया।

जिसके बाद सदर एसडीओ सुमन सौरभ यादव के नेतृत्व में रविवार को गंदगी सफाई अभियान की शुरुआत गांधी चौक से की गई, इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के सड़को पर सफाई कर्मी के हड़ताल पर चले जाने के कारण काफी कचरा जमा हो गया था, जिसे जेसीबी के सहारे हटाया जा रहा हैं, ताकि शहर को साफ रखा जा सके, हालांकि सफाई कर्मी भी हड़ताल से वापस आ गए हैं, जिससे शहर की सफाई का जिम्मा एक बार फिर उन्ही के कंधों पर होगा।

# एसएसबी ने 200 कार्टून नेपाली टूथपेस्ट के साथ चालक को गिरफ्तार

चम्पारण, संवाददाता

पश्चिम चंपारण। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बलथर थाने के सड़किया टोला से दो सौ कार्टन नेपाली टूथपेस्ट लदे एक पिकअप वाहन को रविवार को को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालक सोहन यादव सिकटा थाना के पुरैनिया गांव का निवासी है। एसएसबी(रक्सौल) 47 वीं बटालियन के कमांडेंट विकास कुमार ने बताया कि नेपाल निर्मित टूथपेस्ट की तस्करी की सूचना पर पिलर संख्या-410 के समीप सिकटा कैम्प प्रभारी सह इंस्पेक्टर विकास कुमार के नेतृत्व जवानों ने करवाई करते हुए पिकअप



(बीआर-22-बी-9912)पर लदे सौ कार्टन क्लोजप टूथपेस्ट व सौ कार्टन पेप्सोडेंट टूथपेस्ट में कुल 21600 पीसी टूथपेस्ट जब्त किया। एसएसबी ने जब्त टूथपेस्ट का मूल्य 949500 रुपए आंका है।

**अपनी खबरें हमें व्हाट्सएप करें–**
**094700 50309**

# विदेश तक मशहूर है बेगूसराय वाली जामुन की नाव

**बेगूसराय।** मानसून के प्रवेश करने के साथ ही तमाम नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। नदी के जलस्तर में हो रहे वृद्धि से नदियों के गोद में बसे इलाके के लोगों की बेचैनी बढ़ने लगी है। गंगा एवं बूढ़ी गंडक नदी के कटाव स्थल तथा रेनकट मरम्मति का कार्य किया जा रहा है। नदियों का जलस्तर खतरा के पार नहीं गया है, लेकिन शासन-प्रशासन और निजी स्तर पर लोग इस आपदा से मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं।

इन आपदा प्रबंधन के बीच एक बार फिर बिहार से लेकर पड़ोसी देश नेपाल तक में नाव की मशहूर चर्चित मंडी बेगूसराय का गढ़पुरा जरूरतमंद ग्राहकों से गुलजार हो गया है। एक सौ से भी अधिक कारीगर दिन-रात मेहनत कर नाव बना रहे हैं तथा मौसम को देखकर लग रहा है कि इस वर्ष भी यहां दो-ढाई करोड़ का कारोबार होगा।

कोसी, बागमती, कमला, महानंदा आदि नदियों के जलस्तर में वृद्धि होते ही सहरसा, मधुबनी, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया, बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा, भागलपुर के



लोग नाव खरीदने के लिए गढ़पुरा पहुंच गए हैं। इसके साथ ही नेपाल से भी बड़ी संख्या में नाव के खरीदार गढ़पुरा पहुंच गए हैं तथा एक पटिया से लेकर तीन पटिया तक नाव अपने सामने में बैठकर बनवा रहे हैं।

नेपाल के कंचनपुर, कैलाली, डोटी, बैतडी, डडेलधुरा एवं बझांग जिले से आए खरीददार बताते हैं कि हिमालय की तराई से निकलने वाली महाकाली, करनाली, सेती, वाणगंगा, राप्ती, कोशी, गंडक एवं बागमती हम लोगों के लिए प्रत्येक साल अभिशाप बनकर आती है। इसके अलावा चीन की नदियों से आने वाला बेतहाशा पानी भी बर्बादी पहुंचाता है। जिसके कारण तीन से चार महीना नाव पर रहने की मजबूरी होती है।

नाव मिलता तो बहुत जगह है, लेकिन गढ़पुरा में तैयार किया गया नाव हम लोगों की पहली पसंद होती है, यहां नाव ना केवल सस्ती मिलती है, बल्कि काफी ठोस भी होती है। यहां से ट्रैक्टर या किसी साधन से नजदीकी करेह (बागमती) नदी तक ले जाने के बाद नदी के रास्ते से हम लोग नाव अपने घर ले जाएंगे।

नाव बना रहे रामजपो ने बताया कि लंबे समय से बिहार एवं पड़ोसी राज्य ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल तक गढ़पुरा नाव की काफी चर्चित मंडी है। नाव बनाने के लिए सबसे बेहतरीन माने जाने वाले जामुन के लकड़ी की नाव बनती है। एक पटिया से लेकर तीन पटिया तक एवं बड़ी-बड़ी नाव बनाई जा रही है, 20 हजार से डेढ़ लाख तक का नाव उपलब्ध है। नाव तो बहुत जगह बनते है लेकिन यहां ना सिर्फ गुणवत्ता वाला बनाया जाता है, बल्कि ले जाकर तुरंत पानी में छोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार करके दिया जाता है। यहां से नाव खरीद कर कुछ लोग बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव का व्यवसाय करते हैं, वहां नाव का अच्छा पैसा मिल जाता है।

**समझौता** | **समझौता होने पर सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौटे**

# 15 दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल हुई समाप्त

मोतिहारी, संवाददाता

मोतिहारी नगर निगम के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की उपस्थिति एवं नगर आयुक्त के साथ 20 सूत्री मांगो पीआर के साथ समाप्त हो गया। समझौते का लिखित प्रारूप 27 जून को तैयार कर नगर आयुक्त बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के सचिव को सौंप देंगे।वार्ता में ऐक्टू के जिला सचिव विष्णुदेव प्रसाद



यादव, वरिष्ठ कर्मचारी नेता भैरवदयाल सिंह, जितेंद्रनाथ शर्मा,नगर निगम मोतिहारी के कर्मचारी नेता भरत राम, भूपेंद्र कुमार लाल, विकास पासवान, वीरबहादुर सिंह, त्रिजोकी प्रसाद, सुनील कुमार,नगर आयुक्त सुनील कुमार,सदर डीसीएलआर उपस्थित थे। समझौता वार्ता सदर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में संपन्न हुआ। उसके आधार पर सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट गए हैं।

जानकारी जिला सचिव के श्री यादव ने दी है। बता दें कि गत 15 दिनों से सफाई कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना पर थे। नतीजा शहर के सभी मुहल्लों में गंदगी का अंबार लगा है। नगर की साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी।

## विधायिका ने अपने ही कार्यकर्ता पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर दर्ज करायी FIR

**बगहा, संवाददाता।** पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज विधायिका रश्मि वर्मा ने अपने ही कार्यकर्ता के विरूद्ध धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकारपुर थाना में एक एफआईआर दर्ज करायी हैं। प्राथमिकी में पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी स्थित अगरवा मुहल्ला निवासी संजय सारंगपुरी को उन्होंने आरोपित किया है।

उनका आरोप है कि आरोपी उनके कार्यालय में उनके साथ कार्यरत था। छवि बिगाड़ने के उद्देश्य से उसने उनका जाली हस्ताक्षर कर, पद व नाम का दुरूपयोग किया




है। पद व नाम का दुरूपयोग कर आरोपित ने जनता से पैसे की उगाही भी की है।

# कृषि रोड मैप से बिहार के किसानों की आमदनी में हुआ इजाफा : उपेंद्र कुशवाहा



जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा

बीएनएम@पटना

**-जदयू कार्यालय में मनायी गयी किसान आंदोलन के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि**

**-खेती की लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बिहार में काफी काम हुआ: विजय कुमार चौधरी**

पटना। स्वामी सहजानंद सरस्वती आजीवन किसानों की लड़ाई लड़ते रहे। हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शुरु से किसानों के लिए काम करते रहे हैं। उन्होंने कृषि रोड मैप जारी किया, जिससे बिहार के किसानों की आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। यह बातें जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय में किसान आंदोलन के प्रणेता, प्रखर स्वतंत्रता सेनानी एवं अप्रतिम समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कही। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि स्वामी जी इस देश के पहले किसान नेता हैं। किसानों की कठिनाईयों उनके हितों की रक्षा के लिए गांधी जी के बातों का भी विरोध कर देते थे। वो किसान आंदोलन के प्रणेता, प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, लेखक और विचारक थे। किसानों की आय बढाने के लिए प्रदेश में जमीनी स्तर पर काम हो रहा है। किसानों की लागत घटेगी तो उनकी आय बढ़ेगी और इस दिशा में बिहार में काफी काम हुआ है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, प्रदेश मुख्यालय उपाध्यक्ष डॉक्टर नवीन आर्या चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम परवेज, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल नोपानी सहित पार्टी के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## NEWS IN BRIEF

### एसएसबी ने 450 बोतल नेपाली शराब किया जब्त

निर्मली। रविवार को एसएसबी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी नरपतपट्टी ने नाका के दौरान 450 बोतल नेपाली शराब के साथ एक मोटरसाइकल जब्त किया । 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि दुधाधारी गांव के समीप नेपाली शराब की तस्करी होने वाली हैं । कार्यवाही को अंजाम देते हुये हेड कांस्टेबल जयदेव घोष के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मो. फैज़ल अंसारी, हिम्मत कुमार , कांस्टेबल सुब्रतो बर्मन , अभिषेक द्वेदी , विकाश कुमार सिंह संसंवी बसुमतारी तथा कांस्टेबल मुकेश नाथ अरवल के साथ विशेष नाका दल का गठन करते हुये चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुये । नाका दल द्वारा छुपावदार स्थान पर नाका लगाया गया। कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति मोटरसाइकल पर बोरी लिए आ रहा है। संदेह के आधार पर उस व्यक्ति को पकड़ने के लिए नाका दल जैसे ही आगे बढ़ी वह व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर गाड़ी और सामान छोड़कर भाग गया। तत्पश्चात, नाका दल द्वारा सभी बोरियों को इकठ्ठा कर खोलकर देखा गया जिसमे दिलवाले सोफी ब्रांड के 450 बोतल नेपाली शराब पाया गया।

### पिकअप-बाइक की टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

गया। जिले में टनकुप्पा थाना क्षेत्र के गया रजौली स्टेट हाइवे 70 पर रविवार की सुबह परसावा मोड़ पास पीकअप वैन एव बाइक की टक्कर में दर्जियाचक निवासी राजेन्द्र मांझी का 16 वर्षीय पुत्र रवि कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई। वही, दूसरा रोहित कुमार 16 वर्षीय युवक घायल हो गया।

## संबित पात्रा ने भाजपा नेताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

बीएनएम@पटना

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को पटना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात भाजपा नेताओं के साथ सुनी। पात्रा ने कहा कि आपातकाल के विरुद्ध बिहार की मिट्टी ने युद्ध शुरु किया था। यह पावन मिट्टी है। मैं धन्य मानता हूं कि आज मैं यहां आया हूं जहां से लोकतंत्र का दोबारा शंखनाद हुआ। मैं बिहार की मिट्टी को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज पीएम ने भी 1975 के आपातकाल का जिक्र किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि मन की बात में आज प्रधानमंत्री ने भी आपातकाल को याद किया। ऐसे में उन दिनों को लोग कैसे भूल सकते हैं जिन्होंने देश के हित में न जाने कितने प्रताड़ना को सहा है। इस मौके पर विधायक नन्द किशोर यादव, भिखूभाई दलसानिया, नगेंद्र सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

## फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी पाने वाली महिला शिक्षक गिरफ्तार

बीएनएम@नवादा

नवादा । फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल मेसकौर प्रखंड में कार्यरत शिक्षिका की गिरफ्तारी रविवार को हुई। यह गिरफ्तारी मेसकौर थाना की पुलिस ने सिरदला थाना की पुलिस के सहयोग से की गयी। शिक्षिका मेसकौर प्रखंड के मध्य विद्यालय पथरा में कार्यरत थीं। शिक्षिका सिरदला थाना क्षेत्र के धिरौंध गांव निवासी सुखदेव मंडल की पुत्री हैं। हालांकि गिरफ्तारी ससुराल सिरदला थाना क्षेत्र के मंडल गांव से हुई है। रानी कुमारी मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के पथरा मध्य विद्यालय में अगस्त 2010 से कार्यरत थीं। निगरानी विभाग की टीम ने जांच में पाया था कि वह फर्जी प्रमाण पत्र दिखाकर नौकरी प्राप्त की थी। जिसके बाद 21 नवंबर 2021 को शिक्षिका के खिलाफ मेसकौर थाना में कांड संख्या 549/21दर्ज कराया गया था। धारा 420, 467,468, 471 ,120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर के बाद से शिक्षिका फरार चल रही थी। मेसकौर थाना अध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि रानी कुमारी को सिरदला थाना क्षेत्र के मंडल गांव से सिरदला थाना के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। उक्त महिला पर फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे शिक्षिका के पद पर बहाल होने के आरोप में निगरानी विभाग के द्वारा 2021 में ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी के आलोक में गिरफ्तारी की गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपित को न्यायिक हिरासत में रविवार को ही नवादा भेज दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक

बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। भारतीय जनता पार्टी ने-2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है। उसी क्रम में पटना में लोक सभा और विधान सभा कोर कमिटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें किशनगंज लोकसभा, विधानसभा कोर कमेटी के रुप में विजय खेमका को विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक, मनोनीत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया की बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, प्रांत संगठन मंत्री भिखूभाई दलसानिया, ओम प्रकाश यादव लोकसभा चुनाव प्रभारी तथा डॉ दिलीप कुमार जायसवाल उप मुख्य सचेतक सत्तारुढ़ दल के द्वारा बैठक का संचालन किया गया। जिसमें पूर्णिया विधायक विजय खेमका को लोकसभा प्रभारी एवं गोपाल मोहन सिंह को लोकसभा संयोजक तथा अधिवक्ता शिशिर दास को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। बैठक में किशनगंज से जिला प्रभारी मनोज सिंह, विधानसभा प्रभारी बिजली सिंह जीवन ठाकुर मौजूद रहे।



## शतरंज में धान्वी, सूरोनॉय एवं मुकेश बने चैंपियन



बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। अंचल के वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर संयुक्त आयुक्त विजय कुमार के सौजन्य से जिला शतरंज संघ द्वारा रविवार को इंडोर स्टेडियम डुमरिया में एक नि:शुल्क ओपन इनामी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अपने क्षेत्र के कुल 52 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री विजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि जिला शतरंज संघ पिछले 25 वर्षों से यहां के बच्चों के लिए जनता से सहयोग प्राप्त कर यह सुविधा निरंतर नि:शुल्क मुहैया करवा रहा है। इससे बच्चों में एक अच्छा संस्कार विकसित हो रहा है साथ ही यहां के बच्चों का इस अंतरराष्ट्रीय खेल में भविष्य भी उज्जवल हो रहा है। निश्चित रूप से यहां के बच्चे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर अपने जिले का नाम रोशन करने में सक्षम होंगे। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि सारे प्रतिभागियों को कुल 3 विभागों में बैठकर इस प्रतियोगिता को संपन्न किया गया। जूनियर बालिका विभाग में धान्वी कर्मकार चैंपियन बनीं। इसके अगले स्थानों पर क्रमशः रुपिका जैन, दिव्यांशा रंजन, सलेहा परवीन, तृष्टि अग्रवाल, मायरा रंजन एवं अन्य काबिज हुए। वहीं जूनियर बालक विभाग में सूरोनॉय दास ने बाजी मारी। इसके दूसरे से छठे स्थानों पर क्रमशः जयब्रतो दत्ता, हयात मुशर्रफ, अथर्व राज, विवान दे एवं श्रीजयपाल को संतोष करना पड़ा। ओपन विभाग में मुकेश कुमार ने अपना वर्चस्व सिद्ध किया। रोहन कुमार, सौरभ कुमार, दिव्यांशु कुमार, अनंत मित्तल, अनुज कुमार एवं अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे। इन विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया।

Monday 27 June 2022


# Editorial

## संसार हमारे अनुसार नहीं चलता

सृजन में आनंद है। हम एक छोटी सी कविता लिखते हैं। मन आनंद से भर जाता है। किसी पौधे को सींचते हैं, पौधा प्रसन्न हो जाता है। पौधे की प्रसन्नता देखी जा सकती है। सृजन का आनंद सृजन के लिए और भी प्रेरित करता है। आनंदित चित्त अराजक नहीं होते। जान पड़ता है कि तनावग्रस्त लोग अराजकता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। चाय का स्वाद इच्छानुसार नहीं हुआ। हम कप-प्लेट तोड़ देते हैं। प्रकृति अराजक नहीं है। इसके प्रत्येक अंश की गति नियमबद्ध है। हम संसार को अपनी इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। लेकिन संसार हमारे अनुसार नहीं चलता। प्रकृति की तरह समाज भी परिवर्तनशील है। हम सचेत रुप मे सोद्देश्य सामाजिक परिवर्तन की गति बढ़ाने का काम कर सकते हैं। समाज के मन को सृजनशील बना सकते हैं लेकिन पीछे काफी समय से भारतीय समाज में तनाव है। कुछ समूह अपनी मांग मनवाने के लिए हिंसा का सहारा ले रहे हैं। वे लोकतांत्रिक संवैधानिक मार्ग नहीं अपनाते। भयावह आगजनी से आकाश में भी धुआं है। दलतंत्र इसकी निंदा नहीं करता। कई मामलों में वह सरकार को घेरने के लिए अराजकता का समर्थन करता प्रतीत होता है। ध्वंस मे आनंद आश्चर्यजनक है। भारत प्राचीन जनतंत्र है। जनतंत्र का मुख्य आधार विचार विविधता है। यहां अनेक विचार हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। यह मौलिक अधिकार है। वाद, प्रतिवाद और संवाद की धारा वैदिक काल मे ही विकसित हो चुकी थी। वैचारिक बहसों से जनतंत्र मजबूत होता है। यहां ईश्वर या परमात्मा के होने या न होने पर भी बहसें चलती हैं। विचारों मे टक्कर भी होती रहती है। वैचारिक स्वतंत्रता के कारण ही यहां कम से कम आठ दर्शन है। पूर्व मीमांसा, न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग व वेदान्त प्राचीन दर्शन हैं। जैन और बुद्ध को मिलाकर आठ दर्शन हैं। यहां आध्यात्मिक लोकतंत्र भी है। ईश्वर और देवतंत्र भी बहस के दायरे में हैं। संवैधानिक राज व्यवस्था है। भारतीय जनता ही राज व्यवस्था के शासक चुनती है। बहुमत दल सरकार चलाता है और अल्पमत निगरानी करता है।

## पर्यावरण संरक्षण का भारतीय चिंतन

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



सद्गुरु योगी वासुदेव जग्गी का सेव सॉयल अभियान भारतीय चिंतन के अनुरूप है। हमारे ऋषि युगद्रष्टा थे। उन्होंने पर्यावरण के महत्व का वैज्ञानिक आधार प्रतिपादित किया था। जबकि उस समय हमारी पृथ्वी प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण थी। पर्यावरण पर कोई संकट नही था। फिर भी हमारे ऋषि हजारों वर्ष के भविष्य को देख रहे थे। इसलिए उन्होंने प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का विचार दिया। इसे जीवनशैली में समाहित करने की प्रेरणा दी। अथर्ववेद में कहा गया है- 'माता भूमि':, पुत्रो अहं पृथिव्या:'। अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूं...। यजुर्वेद में कहा गया है- 'नमो मात्रे पृथिव्ये, नमो मात्रे पृथिव्या:ठ। अर्थात माता पृथ्वी को नमस्कार है। मातृभूमि को नमस्कार है। वासुदेव जग्गी सतत यात्राएं कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। वह बता रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरुरी है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे कम होती जा रही है। जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों की रक्षा करने के लिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के प्रयास किए जाना जरुरी है। इस भारतीय चिंतन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत पहले समझ चुके थे। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में ही इस संबंध में भगीरथ प्रयास शुरु करते हुए सॉयल हेल्थ कार्ड योजना लागू की। पारिस्थितिकी तंत्र में जैव-विविधता अत्यंत आवश्यक है। सद्गुरु अकेले मोटरसाइकिल से 100 दिवसीय यात्रा कर चुके हैं। अभियान में अब तक ढाई अरब लोगों से संपर्क किया गया। 74 देश मिट्टी को बचाने के लिए सहमत हो गए हैं। दुनिया में जब सभ्यता का विकास नहीं हुआ था, तब हमारे ऋषि पृथ्वी सूक्त की रचना कर चुके थे। पर्यावरण चेतना का ऐसा वैज्ञानिक विश्लेषण अन्यत्र दुर्लभ है। भारत के नदी व पर्वत तट ही प्राचीन भारत के अनुसंधान केंद्र थे। लेकिन पश्चिम की उपभोगवादी संस्कृति ने पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया है। इसलिए पर्यावरण दिवस मनाने की नौबत आई है। उनकी यह चेतना भी मात्र पांच दशक में बढ़ी है। भारत के ऋषि पांच हजार वर्ष पहले ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे चुके थे। यह आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।


**ॐ द्यौ शांतिरन्तरिक्ष: शांति: पृथ्वी शांतिराप: शान्ति: रोषधय: शान्ति:। वनस्पतय: शान्तिर्विश्वे देवा: शान्तिब्रह्म शान्ति: सर्वं: शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सा मा शान्तिरेधि ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति: ॐ।।**

भारतीय ऋषियों ने नदियों को दिव्य मानकर प्रणाम किया। जल में देवत्त्व देखा। उसका सम्मान किया। पृथ्वी सूक्ति की रचना की। वस्तुतः यह सब प्रकृति संरक्षण का ही विचार था। हमारी भूमि सुजला सुफला रही। भूमि को प्रणाम किया। वृक्षों को प्रणाम किया। उपभोगवादी संस्कृति ने इसका मजाक बनाया। आज वही लोग स्वयं मजाक बन गए। प्रकृति कुपित है। जल प्रदूषित है। वायु में प्रदूषण है। इस संकट से निकलने का रास्ता विकसित देशों के पास नहीं है। इसका समाधान केवल भारतीय चिंतन से हो सकता है। विश्व की जैव विविधता में भारत की सात प्रतिशत भागीदारी है। हमारे ऋषियों ने आदिकाल में ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। वह युग द्रष्टा थे। वह जानते थे कि प्रकृति के प्रति उपभोगवादी दृष्टिकोण से समस्याएं ही उत्पन्न होंगी। भारत का इतिहास और संस्कृति दोनों जैव विविधता के महत्व को समझते हैं। अथर्ववेद में विभिन्न औषधियों का उल्लेख है। जैव विविधता को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक पेड़ और औषधीय पौधे लगाना हम सबका कर्तव्य है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## धर्म ही है समृद्ध जीवन का मार्ग



**गिरीश्वर मिश्र**

शब्दों के अर्थ, उनकी भूमिकाएं और उनके प्रयोग के संदर्भ किस तरह देश और काल द्वारा अनुबंधित होते हैं यह सबसे प्रखर रूप में आज 'धर्म' शब्द के प्रयोग में दिखाई पड़ता है। आजकल बहुधा स्थानापन्न की तरह प्रयुक्त धर्म, मजहब, विश्वास, मत, पंथ, और रिलीजन आदि विभिन्न शब्द अर्थ की दृष्टि से एक शब्द-परिवार के हिस्से तो हैं पर सभी भिन्न अर्थ रखते हैं। मूल 'धर्म' शब्द का अब प्रयोग-विस्तार तो हो गया है पर अर्थ का संकोच हो गया है। दुर्भाग्य से धार्मिक होना साम्प्रदायिक (कम्यूनल) माना जाने लगा है। व्युत्पत्ति की दृष्टि से धर्म अस्तित्व के गुणों या मूल स्वभाव अथवा प्रकृति को व्यक्त करता है जो धारण करने / होने / जीने / अस्तित्व को रेखांकित करते हैं। इस तरह यह भी कह सकते हैं कि धर्म किसी इकाई के अस्तित्व में रहने की अनिवार्य शर्त है। जिस विशेषता के साथ वस्तु अपने अस्तित्व को धारण करती है वह धर्म हुआ। मनुष्य का जीवन जिन मूल सिद्धांतों पर टिका है वे धर्म को परिभाषित करते हैं। तभी यह कहा गया कि जो धर्म से रहित है वह पशु के समान है: धर्मेण हीना: पशुभि: समाना:। धर्म-भावना का होना और धर्म की प्रतिष्ठा जीवनदायी है। मनुष्य के लिए मनुष्य के अस्तित्व का सवाल किसी जड़ पदार्थ से इस अर्थ में भिन्न और अधिक जटिल है कि उसे खुद अपनी (अर्थात अपने अस्तित्व की) चेतना रहती है और इस चेतना के विषय में वह विचार करने में भी सक्षम है। पशुओं से ऊपर उठ कर मनुष्य जो हो चुका है (अर्थात अतीत) और जो होने वाला है (अर्थात भविष्य ) दोनों ही पक्षों पर विचार कर पाने में सक्षम है। उसका अस्तित्व सिर्फ दिया हुआ (प्रकृति प्रदत्त) नहीं है बल्कि स्वयं उसके द्वारा भी (अंशतः! ही सही) रचा-गढ़ा जाता रहता है। सुविधा के लिए इस तरह के कार्य कलापों को हम सभ्यता और संस्कृति का नाम दे देते हैं। अत: यह कहना अधिक ठीक होगा कि मानव अस्तित्व का प्रश्न नैसर्गिक या प्राकृतिक मात्र नहीं है। वह अस्तित्व के मिश्रित (हाइब्रिड!) रुप वाला है जिसमें प्रकृति और संस्कृति दोनों ही शामिल होते हैं और वह दोनों से संबंध रखता है और अपनी नियति को निर्धारित करता है। धर्म के तुलनात्मक अध्ययन बताते हैं कि अस्तित्व के प्रश्न विभिन्न संस्कृतियों और कालखंडों में अलग-अलग ढंग से खोजे जाते रहे हैं और भिन्न भिन्न उत्तर ढूंढे जाते रहे हैं। सीमित बुद्धि और अपरिचयजन्य असमंजस के कारण विभिन्न दृष्टियों को अपनाने वाले अन्य दृष्टि वालों के प्रति असहज होने लगते हैं। अंततः संभवत: एक होने पर भी उसकी ओर दृष्टि अनेक प्रकार की होती है और उसे जैसा कि प्रसिद्ध वैदिक उक्ति एकं सत् विप्राः बहुधा वदंति में व्यक्त किया किया गया है अलग-अलग ढंग से कहा या व्यक्त किया जाता है। भारतीय समाज की स्मृति में बड़े प्राचीन काल से ही धर्म निरंतर बना रहा है। धर्म को आचरण की अंतिम निरपेक्ष सी कसौटी के रुप में ग्रहण किया जाता है जो जीवन के स्फुरण और उसको स्पंदित बनाए रखने के लिए आवश्यक है। भारतीय मूल की प्रमुख धार्मिक विचार प्रणालियां (सनातन/हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) धर्म को कर्तव्य, आदर्श, विवेक और औचित्य के सिद्धांतों के पुंज के रुप में ग्रहण करते हैं और उनकी ओर सतत आगे बढ़ने का आग्रह किया गया है। जीवन के क्षरण को मात देने और जीवन को समग्रता में जीने का उद्यम धर्म की परिधि में ही किया जाना चाहिए। इसके लिए ईश्वर या परम सत्ता या चेतना को केन्द्रीय महत्व दिया गया जो अमूर्त और सर्वव्यापी है। उस तक जाने के ज्ञान, कर्म, भक्ति और हठ योग जैसे मार्ग भी सुझाए गए। सीमित शरीर वाले की मुक्त अनंत, शुद्ध और बुद्ध के साथ अपना संबंध स्थापित करना पूरे जीवन को एक नए धरातल पर स्थापित करता है। इससे जीवन की निरंतरता बनी रहेगी और वह बाधाओं से भी मुक्त रहेगा जो सीमित स्व केन्द्रित जीवन (स्वार्थ !) के कारण हो सकता है। अपने आत्म-बोध को व्यापकतर बनाना सर्वोत्कृष्ट रुप में वेदांत में प्रकाशित हुआ जो सबको अपने में और अपने को सबमें देखने के लिए मार्ग दिखाता है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# आजम-अखिलेश का ढहा किला, कमल खिला



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा के उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज की है। आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव और रामपुर से घनश्याम लोधी सांसद चुन लिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने जीत पर खुशी जाहिर की है। इसका श्रेय कार्यकर्ताओं और जनता को दिया है। 2019 में लोकसभा के आम चुनाव में आजमगढ़ से सपा मुखिया अखिलेश यादव और रामपुर संसदीय क्षेत्र से सपा के कद्दावर नेता आजम खान को जीत मिली थी। सपा के खाते से अब यह दोनों सीटें निकल गयी हैं। सियासी गलियारे में सपा की हार और भाजपा की जीत के कारणों पर चर्चा शुरु हो गयी है। दरअसल सपा के मुखिया अखिलेश यादव को पूरा भरोसा था कि आजमगढ़ में मुसलमान और यादव फैक्टर से वह चुनाव जीत जाएंगे। वह चुनाव प्रचार में कड़ी मेहनत करते नहीं दिखाई दिए। रामपुर की सीट तो स्थायी रुप से सपा की मानी जा रही थी। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार के लिए मैदान में डटे रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं चुनाव प्रचार करने गए। चुनावी सभाएं कीं। जनता को भाजपा की डबल इंजन की सरकार से होने वाले विकास का संदेश दिया। संदेश देने में भी वह सफल रहे। 1952 से 1971 तक लगातार चार लोकसभा चुनाव कांग्रेस के अलगू राय शास्त्री, कालिका सिंह, राम हरष यादव और चंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। 1977 के लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस से इतर जनता पार्टी के राम नरेश यादव ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1978 में हुए लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने बाजी मारी। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर जनता पार्टी (सेक्युलर) के उम्मीदवार चंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। वहीं 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के संतोष सिंह को जीत मिली। 1989 में पहली बार इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी(बसपा) के राम कृष्ण यादव चुनाव जीते। जनता दल के टिकट पर चंद्रजीत यादव 1991 में एक बार फिर जीत दर्ज करके लोकसभा पहुंचे। 1996 के लोकसभा चुनाव में सपा से रमाकांत यादव लोकसभा पहुंचे। वहीं 1998 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अकबर अहमद डंपी को जीत मिली। 1999 और 2004 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के रमाकांत यादव जीते। 2008 के लोकसभा चुनाव में अकबर अहमद डंपी जीते तो 2009 के में रमाकांत यादव भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और उन्हें जीत मिली। 2014 में मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव को जीत मिली। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव विधायक चुने जाने के बाद सांसदी से इस्तीफा दिया और अब इस पर हुए उप चुनाव में सपा को करारी शिकस्त मिली है।

## NEWS IN BRIEF

### सांसद बनने के बाद आजमगढ़ नहीं गए थे अखिलेश

2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से अखिलेश यादव और भाजपा से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ उम्मीदवार थे। अखिलेश सांसद बने। सांसद बनने के बाद आजमगढ़ की जनता के बीच वह अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में असफल रहे। दूसरी ओर निरहुआ आजमगढ़ आते रहे। भाजपा प्रत्याशी ने चुनाव के दौरान इन मुद्दों को उठाया भी।

### जीत के सबकर कदर करिह, जनता के गारी मत सुनिह: निरहू के माई

आजमगढ़। सपा के किले में सेंध लगाकर भाजपा से सांसद बने दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' अपनी माँ का आशीर्वाद लेकर घर से आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए रवाना हुए। इस दौरान निरहुआ की माँ ज्योति देवी ने बेटे दिनेश लाल यादव से कहा कि जीत के सबकर कदर करिह, जनता के गारी मत सुनिह। निरहुआ ने भी माँ को बचन देकर व आशीर्वाद लेकर प्रमाण पत्र लेने के लिए आजमगढ़ के लिए चल पड़े। मतगणना के दिन भाजपा नेता दिनेश लाल यादव निरहुआ अपने घर गाजीपुर जिले के टंडवा गांव में थे। वे जैसे ही यहां से जीत की तरफ बढ़े तो उन्होंने अपनी मां ज्योति देवी से आशीर्वाद लेने पहुंचे और मां के पैरों में गिरकर आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिनेश लाल यादव की माँ ज्योति देवी ने भोजपुरी में कहा कि जीत के सबकर कदर करिह, जनता के गारी मत सुनिहा निरहू। निरहुआ ने भी मां को वचन दिया कि वह जनता की सेवा करेंगे और उसके बाद आजमगढ़ के लिए दिनेश लाल यादव निरहुआ रवाना हो गये। वे सबसे पहले केन्द्रीय चुनाव कार्यालय आजमगढ़ पहुंचे, जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से नवनिर्वाचित सांसद का जोरदार स्वागत किया।

# छह बच्चों की मां जेवरात लेकर घर से गायब, पति ने दी तहरीर

बीएनएम@मुरादाबाद

मुरादाबाद। मुरादाबाद के डिलारी थानाक्षेत्र के एक गांव में छह बच्चों की मां जेवरात लेकर घर से गायब हो गई। महिला के पति ने डिलारी थाने तहरीर देकर पत्नी के अचानक गुम हो जाने बात कही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डिलारी थानाक्षेत्र के एक गांव के किसान ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। उसने कहा मेरे छह बच्चे हैं। वह विगत 26 जून को सुबह करीब 11 बजे किसी काम से घर से बाहर गया था। वापस आकर देखा तो मेरी पत्नी बिना बताए कहीं चली गई। सभी बच्चे घर पर थे। उसने और बच्चों ने आस पास तालाश किया पर कोई सुराग नहीं लगा। सेफ खोलकर देखी तो अंदर से जेवरात भी अपने साथ ले गई है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर पुलिस को दी हैं, डिलारी थाने के एसओ ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# सदियों बाद राजनीति के उच्च शिखर पर बैठेगा जनजाति समाज: आनन्द

बीएनएम@सोनभद्र

सोनभद्र। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध सेवा समर्पण संस्थान के सह संगठन मंत्री आनन्द ने रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहाकि सदियों बाद जनजाति समाज को राजनीति के उच्च शिखर पर विराजमान होने का मौका मिल रहा है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाने जाने पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध सेवा समपर्ण संस्थान की तरफ से राजग के नीति निर्धारकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना त्रेता युग में जब भगवान राम लंका विजय के बाद अयोध्या में हुए उनके सम्मान समारोह में निषाद राज को अपने समकक्ष बैठाने की घटना की याद दिलाता है। लम्बे अन्तराल के बाद अब स्वराज से सुराज व सुराज से रामराज्य की ओर बढ़ रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के प्रति सम्पूर्ण जनजाति समाज अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। सबका साथ सबका विकास के साथ-साथ अन्त्योदय की अवधारणा अब मुर्त रुप लेने लगी है। आनन्द कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव काल में सेवा समर्पण संस्थान द्वारा बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों में 750 चिकित्सकों द्वारा 75000 गिरिवासी, वनवासी, जनजातीय, समाज के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा।

# फतेहपुर: सपा नेता की करोड़ों की संपत्ति जब्त

बीएनएम@फतेहपुर

फतेहपुर। जिले में रविवार को समाजवादी पार्टी के नेता व नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा की करोड़ों संपत्ति को प्रशासन ने जब्त कर उस जमीन पर सरकारी जमीन का बोर्ड लगा दिया है। बता दें कि, गैंगस्टर के आरोपी हाजी रजा ने गैंग बनाकर सरकारी संपत्ति पर पिछले कई साल से कब्जा जमा रखा था। आज उपजिलाधिकारी नंद पाल मौर्य के नेतृत्व में तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी व थरियांव थाने का पुलिस बल टीसी गांव में पहुंचा। सपा नेता हाजी रजा के खिलाफ गैंगस्टर समेत कोतवाली के अलावा कई अन्य थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर पूरे प्रदेश में सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए गये हैं। जिसके चलते फतेहपुर जिला प्रशासन की टीम ने आज थरियांव थाने के टीसी गांव के मजरे शहाबुद्दीन गांव में सरकारी सम्पत्ति को कब्जे से मुक्त कराते हुए आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।



# भाजपा के राज में लोकतंत्र की हत्या : अखिलेश



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। प्रदेश की लोकसभा सीट रामपुर और आजमगढ़ उपचुनाव में भाजपा ने रविवार को भारी जीत दर्ज की। सपा का गढ़ कहे जाने वाले दोनों जनपदों में करारी हार मिलने के बाद समाजवादी पार्टी के खेमे में हलचल मच गई है। हार के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के राज में लोकतंत्र की हत्या की क्रॉनॉलॉजी है। वहीं, आजम खान ने रामपुर में प्रेसवार्ता कर भाजपा की जीत को सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग बताया। अखिलेश यादव ने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा कि नामांकन के समय चीरहरण, नामांकन निरस्त कराने का षड्यंत्र, प्रत्याशियों का दमन, मतदान से रोकने के लिए दल-बल का दुरुपयोग, काउंटिंग में गड़बड़ी, जन प्रतिनिधियों पर दबाव, चुनी सरकारों को तोड़ना, ये है आज़ादी के अमृतकाल का कड़वा सच! सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान ने पत्रकारवार्ता में कहा कि लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है। यहां लोकतंत्र पर ठोकतंत्र भारी पड़ गया। आजम खान ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ। लोगों की जीत को हार में बदला गया है। उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद आजम ने भाजपा और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में रामपुर से भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने समाजवादी पार्टी के आसिम रजा को 42 हजार से अधिक मतों से पराजित किया। नतीजों के बाद एक टीवी चैनल के पत्रकार ने आजम खान से पार्टी की हार का कारण पूछा तो वह पत्रकार पर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजों को लेकर कहा कि न इसे चुनाव कह सकते हैं और न चुनावी नतीजे। नौ सौ वर्ड का पोलिंग स्टेशन और छह वोट, बस्तियां मुसलमानों की। बाइस को पोलिंग, मोहल्ला है मुसलमानों का, वोट सिर्फ एक। हार की वजह पूछने पर वो भड़क गये और कहा कि अब आप नादान बन जाओं, मासूम बन जाओ, कुछ आप को नजर ही न आये, कुछ दिखे ही नहीं कुछ बताना न चाहों, कहना न चाहो। सिर्फ सरकार की ढपली बजाओं, उनके पैसे से मौज मस्ती करो तो आपको क्या बताये।

Monday
27 June 2022

BNM Fantasy



# सोनम ने अर्जुन को दी जन्मदिन की बधाई

फिल्म अभिनेता अर्जुन कपूर आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनकी कजन सिस्टर एवं अभिनेत्री सोनम कपूर ने सोशल मीडिया के जरिये उन्हें खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। सोनम कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी और अर्जुन की बचपन से लेकर अब तक की कई अनदेखी तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा-'हैप्पी हैप्पी बर्थडे अर्जुन कपूर। बचपन से अब तक हम एक -दूसरे का हाथ थामकर ही बड़े हुए हैं। लव यू भाई! आप फले -फूलें और सफल हों ,क्योंकि आप डिजर्व करते हैं!' सोनम के इस पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसपर प्रतिक्रिया देते हुए अर्जुन कपूर को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।

## *अथिया शेट्टी मुंबई एयरपोर्ट पर हुई स्पॉट*

बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल ने कुछ महीने पहले ही अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल किया है। ये कपल सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर प्यारा जताने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। अथिया शेट्टी और केएल राहुल रविवार को मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्पॉट हुए। हालांकि, ये कपल एक साथ एयरपोर्ट टर्मिनल में ना घुसे और ना ही एक साथ पोज दिए। मुंबई में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए केएल राहुल ने टीशर्ट और पैंट पहने हुए थे। जबकि, अथिया शेट्टी ने स्वेटशर्ट और डेनिम पहन रखी थी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि दोनों जर्मनी जा रहे हैं। जर्मनी में केएल राहुल अपने कमर की चोट की सर्जरी कराएंगे। वह अपनी चोट के कारण इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, अथिया शेट्टी अपने बॉयफ्रेंड के साथ गई हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि सर्जरी जल्द होगी और कपल कम से कम एक महीने जर्मनी में रहेंगे। गौरतलब है कि अथिया शेट्टी और केएल राहुल बीते तीन सालों से रिलेशनशिप में हैं। जब से अथिया शेट्टी ने केएल राहुल के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक तौर पर जाहिर किया है, उसके बाद से ही वह अक्सर क्रिकेटर के साथ नजर आती हैं। वही, केएल राहुल भी अथिया शेट्टी का साथ देने से पीछे नहीं हटते हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि केएल राहुल और अथिया शेट्टी ने मुंबई के पाली हिल की एक बिल्डिंग में एक फ्लोर (9वें) खरीद लिया है।



# निया शर्मा ने जालीदार ड्रेस में फ्लॉन्ट किया फिगर

## *सोशल मीडिया पर मचा तहलका*



निया शर्मा अक्सर अपने बोल्ड अंदाज और फैशन स्टेटमेंट को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। निया के हर स्टाइल और ग्लैमरस लुक को फैंस काफी पसंद करते हैं। आए दिन निया शर्मा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं। लोग उनके लुक को बेहद पसंद करते है। एक बार फिर निया की कुछ तस्वीरें सामने आई है। दरअसल, निया शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कि है। इन तस्वीरों में निया ब्लैक जालीदार शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही है। जिसमें वह बेहद सेक्सी लग रही है। अपने लुक को निया ने लाइट मेकअप, रेड लिपस्टिक और मेसी हेयर स्टाइल के साथ कंप्लीट किया है। इस आउटफिट के साथ निया ने गले में नेसलेस और फुटवियर में ब्लैक हिल्स कैरी किया है। जो उनके लुक को और भी स्टाइलिश बना रहा है। तस्वीरों में निया के आस-पास डॉलर ही डॉलर दिखाई दे रहे हैं। जिनके पास निया खड़े हो कर पोज दे रही है।तस्वीरों में निया का बोल्ड अंदाज साफ नजर आ रहा है।ड्रेस का डीप नेक उनके लुक को और भी बोल्ड बना रहा है। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फिदा हो गए हैं। निया कि यह तस्वीरें पोस्ट होते इंटरनेट पर धमाल मचा रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरो पर लाइक और कमेट करते नही थक रहे है। बता दें निया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है, और अक्सर अपने सेक्सी और बोल्ड लुक की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती है। निया शर्मा एशिया की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं। उनकी फैन फॉलोइंग देश ही नहीं विदेश में भी काफी मशहूर हैं। उनके इंस्टा पर 7 मिलीयन से भी ज्यादा फॉलोवरस हैं। काम की बात करें तो निया ने अपने करियर की शुरुआत 'एक हजारों में मेरी बहना' से की थी। लेकिन निया सीरियल 'जमाई राजा' से चर्चा में आई। इसके बाद उन्होंने कई टीवी शोज में काम कर अपनी पहचान बनाई। निया शर्मा एक वेब सीरीज ट्विस्टेड में भी नजर आ चुकी है। इस सीरीज में उनका किरदार बेहद बोल्ड था। सीरीज में उनके किरदार की काफी तारीफ की गई थी।